







# विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तर वन मण्डल में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ

▸ पक्षियों के लिए टांगे गए सकोरे



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज उत्तर वन मण्डल अंतर्गत अटल नगर वाटिका पन्ना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा दुर्लभ, विलुप्त प्राय, संकटापन्न, धार्मिक पर्यावरणीय एवं औषधीय महत्व की विभिन्न वन प्रजातियों, का रोपण किया गया जिनमे मुख्य रूप से दहिमन, बीजा, गरुण, मेदा, कुम्भी, पीपल, वरगद, कदम, नीम, त्रिवेणी आदि है। इस अवसर पर विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी देखभाल करने तथा प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नही, बल्कि आने वाली पीढीयों के सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य के लिए हमारा नैतिक दायित्व है।

इस अवसर पर विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, जिला कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू, वनमण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा, वनमण्डलाधिकारी उत्तर पन्ना धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व वीरेन्द्र कुमार पटेल, उप वन मण्डलाधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी, उप वन मण्डलाधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, अजय बाजपेयी वन परिक्षेत्राधिकारी पन्ना/ नितिन राजोरिया वन परिक्षेत्राधिकारी विश्राम गंज / शुभम् तिवारी वन परिक्षेत्राधिकारी देवेन्द्रनगर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागिरिकों द्वारा पौधा रोपण किया गया। अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वन वनमण्डलाधिकारी उत्तर वन धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा रोपण पौधो के संरक्षण संवर्धन के साथ उनके औषधीय महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद अटल नगर वाटिका के बड़े पेडो में डीएफ्ओ सहित वन स्टाफने इस भीषण गर्मी में पक्षीयों के लिये सकोरे टांगे गये, जिसके लिये डीएफ्ओ द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन किये गये पौधारोपणों के साथ साथ इन सकोरों में भी पानी भरा जाये ताकि पक्षियों को पानी मिल सके।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़, 05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद के द्वारा खोय तालाब में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया गया।**

उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ,मण्डल अध्यक्ष सुरेश यादव, उपाध्यक्ष राज बहादुर सिंह, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय वाल्मीकि, बृजेन्द्र तिवारी, तथा पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता ने बताया कि नगर में लगातार वृक्षारोपण कराया जायेगा, जिसमें उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि सब लोग एक एक पौधा अवश्य लगायें जिससे नगर का पर्यावरण अच्छा होगा और नगर हरा भरा होगा।

## पांच वर्षों से हायर सेकण्डरी भवन गढ़ीपड़रिया हैण्डओव्हर के इंतजार में, विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रही सुविधा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। मध्यप्रदेश पन्ना जिले की ग्राम पंचायत गढ़ी पड़रिया में निर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन पिछले करीब 5 वर्षों से हैंडओवर का इंतजार कर रहा है।**

भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद पीआईयू विभाग की लापरवाही और बिजली कार्य अधूरा रहने के कारण भवन का उपयोग शुरू नहीं हो सका है। इसका खामियाजा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। गढ़ी पड़रिया में हायर सेकेंडरी विद्यालय के लिए नए भवन का निर्माण कराया गया था, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। बजट के अभाव में विद्युत कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण न होने के कारण पीआईयू विभाग द्वारा भवन का हैंडओवर शिक्षा विभाग को नहीं दिया गया है। नतीजतन नया भवन वर्षों से उपयोग के बिना पड़ा हुआ है, जबकि छात्र-छात्राएं पुराने और सीमित संसाधनों वाले भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते भवन का हैंडओवर कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर दी जाएं तो विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर भवन को हैंडओवर कराने और शेष कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

## देवगांव में भी हुआ पौधरोपण

अजयगढ वन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आवासीय कॉलोनी देवगांव सहायक वनपरिक्षेत्राधिकारी महीप रावत द्वारा अपने क्षेत्रीय आवास में स्टाफके साथ आवासीय परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण कर उन्होंने ग्रामीणों को भी प्रेरित किया कि फलदार और छायादार वृक्ष लगाए जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे और लोगों को फल भी उपलब्ध हो सके इस अवसर पर उन्होंने आवासीय परिसर में बरगद पीपल आम जामुन जैसे फलदार छायादार वृक्षों का रोपण किया।



## दक्षिण पन्ना वनमंडल ने तैयार किया अनोखे वृक्षों का दस्तावेज

### एक अभिनव पहल, इन्क्रेडिबल ट्रीज़ ऑफ साउथ पन्ना

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा जिले की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर स्वरूप विशिष्ट वृक्षों के संरक्षण और अभिलेखन की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए इन्क्रेडिबल ट्रीज़ ऑफ साउथ पन्ना नामक एक विस्तृत दस्तावेज़ तैयार किया गया है।**

वन विभाग के मैदानी अमले ने कड़ी मेहनत और व्यापक क्षेत्रीय सर्वे के जरिए छह वन परिक्षेत्रों के 178 ग्रामों से 26 प्रमुख प्रजातियों के कुल 1,353 उल्लेखनीय वृक्षों का दस्तावेजीकरण किया है। इस पूरे अभियान में स्थानीय ग्रामीणों के जनज्ञान, स्थल निरीक्षण, पेड़ों के मापन और फोटोग्राफी को आधार बनाया गया है। इस संग्रह में ऐसे पेड़ों को प्राथमिकता दी गई है जो अपने असाधारण आकार, दीर्घायु, जैव विविधता, धार्मिक महत्व या स्थानीय इतिहास से जुड़े होने के कारण समाज में एक विशेष पहचान रखते हैं। इस विस्तृत सर्वे में पारंपरिक रूप से आम, महुआ, पीपल और बरगद जैसी प्रजातियों का दबदबा देखने को मिला है, जो सदियों से ग्रामीण संस्कृति और पर्यावरण के मुख्य गवाह रहे हैं। इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ीकरण अभियान को धरातल पर उतारने में वन विभाग के मैदानी अमले की विशेष भूमिका रही है, जिसमें श्रीमती रंजना नागर, जगदीश अहिरवार, उमाशंकर पाल, उदयभान सिंह, महेन्द्र अग्रहरी और रावेन्द्र सिंह बागरी सहित अनेक वनकर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया।

## मृत्यु-दंड मामलों के लिए बने वकीलों के विशेष पैनल में आनंद शुक्ला शामिल



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति ने मृत्यु-दंड/डेथ रेफ्रेंस मामलों की पैरवी के लिए 7 साल से अधिक अनुभव वाले 23 अधिवक्ताओं का विशेष पैनल गठित किया है।**

इसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के अधिवक्ता आनंद शुक्ला को भी शामिल किया गया है। हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के रजिस्ट्रार-कम-सचिव अर्चना सिंह द्वारा को जारी पत्र के अनुसार, यह पैनल सुप्रीम कोर्ट के 27 अप्रैल 2026 के आदेश अमन सिंह बनाम बिहार राज्य के अनुपालन में बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मृत्यु-दंड के मामलों में दोषसिद्ध व्यक्तियों को अनिवार्य कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। पैनल में शामिल वकील हाईकोर्ट जबलपुर की प्रिंसिपल बेंच में मृत्यु-दंड से जुड़े सभी प्रकरणों में पैरवी करेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्रसाल महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्रसाल महाविद्यालय में इको-क्लब द्वारा वृक्षारोपण पन्ना के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी के निर्देशन एवं गरिमामई उपस्थिति में इको-क्लब प्रभारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल द्वारा इको-क्लब विद्यार्थी सदस्यों द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान भवन स्थित





वनस्पति उद्यान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में आंवला, जामुन, करंज, गुड़हल, मीठी नीम तथा अपराजिता के पौधों का रोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1973 से पर्यावरण को बचाने के लिए यह वैश्विक पहल शुरू की गई थी। जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए यह दिन व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर वृक्षारोपण करने और पर्यावरण का सम्मान करने की याद दिलाता है।

## कंकाली माता मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में विशेष पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल अंतर्गत बनोली स्थित माँ कंकाली माता मंदिर, कुआंताल परिसर में एक विशेष पर्यावरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण विषयक विशेष पुस्तकों का विमोचन तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को पन्ना पर्यावरण गौरव सम्मान प्रदान



किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आम, अमरूद, शीशम, कचनार एवं मुनगा सहित कुल 150 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पवई विधायक प्रहलाद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य वन संरक्षक नरेश सिंह यादव, पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, दक्षिण पन्ना वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा, भारतीय वन सेवा प्रशिक्षु अक्षत जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्रीय ग्रामीणजन तथा बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



## दक्षिण पन्ना में 200 से अधिक प्राकृतिक झिरियों का सुधार एवं पुनर्जीवन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक जलस्त्रोतों (झिरियों) के संरक्षण, सुधार एवं पुनर्जीवन का एक अभिनव अभियान संचालित किया गया है।**

अभियान के तहत वनमंडल क्षेत्र में स्थित 237 प्राकृतिक झिरियों का जीपीएस आधारित अभिलेखन, फोटोग्राफिक दस्तावेजीकरण तथा मैदानी सत्यापन किया गया। इस संकलन में केवल उन झिरियों को शामिल किया गया है जिनमें वर्ष के लगभग आठ माह या उससे अधिक अवधि तक जल उपलब्ध रहता है, जिससे यह जिले के प्राकृतिक जलस्त्रोतों का एक महत्वपूर्ण एवं वैज्ञानिक अभिलेख बन गया है। सर्वेक्षण के दौरान कई झिरियों में गाद जमाव, झाड़ियों से अवरोध, उथलापन तथा जलधारण क्षमता में कमी जैसी समस्याएं चिन्हित की गईं। इसके आधार पर अधिकांश स्थलों पर सफाई, गाद निकासी, गहरीकरण, छोटे बंधान निर्माण, जल प्रवाह मार्गों की मरम्मत तथा अन्य सुधारात्मक कार्य किए गए। इन प्रयासों से अनेक झिरियों की जलधारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा कई ऐसे जलस्त्रोत, जो पूर्व में ग्रीष्मकाल में सूख जाया करते थे, उनमें मई एवं जून 2026 तक भी जल उपलब्ध पाया गया। अभियान की सफलता में मैदानी वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे गठित थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं लोहे का कड़ा बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।**

पुलिस द्वारा हासिल जानकारी के अनुसार दिनांक 13 मई को फरियादी छोटे लाल लोधी निवासी ग्राम रैपुरा द्वारा थाना रैपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम अधराड़ में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान चाट-फुल्की खाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। उक्त विवाद के बाद रात्रि लगभग 11:30 बजे आरोपी सोनू रैकवार एवं राहुल रैकवार द्वारा सौरभ लोधी,



शिवम लोधी एवं राजकिशोर लोधी के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से जानलेवा हमला किया गया। बीच-बचाव करने आए कुलदीप रैकवार को भी आरोपियों द्वारा घायल कर दिया गया। घटना में घायल व्यक्तियों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल राजकिशोर लोधी एवं शिवम लोधी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

मामले मे फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़ितों को गंभीर चोटें पाए जाने पर धारा 109(1) बीएनएस की वृद्धि की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम गठित कर फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके फलस्वरूप दिनांक 04 जून को आरोपी राहुल रैकवार पिता कलुआ रैकवार, उम्र 24 वर्ष एवं सोनू रैकवार पिता तेजीलाल रैकवार, उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम अधराड़, थाना रैपुरा, जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं लोहे का कड़ा बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पन्ना व पवई के सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना अंतर्गत बायपास रोड पुराना पन्ना आरसेटी के बगल में तथा जनपद पंचायत पवई के पीछे समुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण केन्द्र आवासीय प्रशिक्षण की सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त हैं।**

विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा ग्रामीण महिलाओं से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन इन केन्द्रों पर किया जा सकता है। आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रति दिवस प्रति प्रतिभागी का शुल्क 534 रूपए निर्धारित किया गया है। विभाग द्वारा अतिरिक्त आवश्यकताओं की मांग पर अतिरिक्त शुल्क के साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

इसी तरह गैर आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रति दिवस प्रति प्रतिभागी शुल्क 294 रूपए निर्धारित किया गया है। इसके लिए भी अतिरिक्त शुल्क के साथ आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। प्रशिक्षण केन्द्र पर एक बार में 30 से 35 महिला प्रतिभागियों का आवासीय प्रशिक्षण किया जा सकता है। इस संबंध में जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला से 9406809109 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



## जिला चिकित्सालय में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला चिकित्सालय पन्ना में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला चिकित्सालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।**

सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। आमजनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैली भी निकाली गई। जिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा सभी कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा स्वच्छ व हरित वातावरण के निर्माण के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

# पीटीआर में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रम हुआ

### अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा श्रमिकों तथा स्थायी कर्मियों ने पूरी सक्रियता के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 5 जून। वरिष्ठ कार्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर पन्ना टाइगर रिज़र्व के समस्त परिक्षेत्रों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस वृहद अभियान में पन्ना टाइगर रिज़र्व के अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा श्रमिकों तथा स्थायीकर्मियों ने पूरी सक्रियता के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई।**

अभियान के दौरान रिज़र्व के





विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की गईं। पन्ना कोर रेंज के अंतर्गत अकोला से अमझिरिया तक के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर पॉलिथीन और प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया गया, जिसके साथ ही इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी किया गया। इसी तरह हिनौता रेंज में भी पॉलिथीन हटाओ अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया और स्थानीय पारिस्थितिकी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण संपन्न हुआ।

## पीटीआर ने किया नवाचार

पन्ना टाइगर रिजर्व में इस वर्ष नया नवाचार अपनाया है जिसमें पहाड़ी एवं पथरीले क्षेत्र में जहां पानी की कमी होती है वहां पर भी पेड़ उगेंगे। इस प्रकार एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण के साथ-साथ सीड बॉल्स का निर्माण किया गया जिसमें मिट्टी के साथ देशी खाद मिश्रित कर उसे गीला कर लोई बनाकर उसके अंदर पांच प्रकार के बीज भरे गये और उन्हें सुखाया गया, जिन्हें पथरीली जगह पर गड्ढे में रोपित किया जायेगा, जो बारिश होने पर स्वतः अंकुरित हो जायेंगे। इसके अलावा ग्रामीण जागरूकता शिविर, कठपुतली प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। वहीं, केन घड़ियाल अभयारण्य में भी स्थानीय गाइड्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधारोपण कार्य को सफल बनाया। इस पूरे अभियान की सबसे बड़ी खूबी इसमें देखने को मिली स्थानीय जन-भागीदारी रही। वन विभाग के इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए इको विकास समितियों, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण निवासियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।